**सीबीएसई/सीओओआरडी/क्यूपी-अवलोकन/परीक्षा** **दिनांक:16.02.2026**

सेवा में,
सीबीएसई से संबद्ध सभी विद्यालयों के प्रमुख
(सीबीएसई वेबसाइट के माध्यम से)

विषय: प्रश्नपत्रों 2026 पर टिप्पणियाँ के संबंध में।

महोदय/महोदया,

आप अवगत हैं कि कक्षा X एवं XII की बोर्ड परीक्षाएँ कल अर्थात् मंगलवार, 17 फरवरी 2026 से शुरू होंगी। प्रत्येक वर्ष विद्यालयों से अनुरोध किया जाता है कि वे प्रश्नपत्रों के संबंध में अपनी टिप्पणियाँ एवं यदि कोई समस्या हो, तो उसे ओईसीएमएस के माध्यम से सीबीएसई को प्रस्तुत करें।

इस वर्ष निम्नलिखित देखा गया है::

1. विद्यालय विभिन्न ईमेल आईडी पर टिप्पणियाँ भेज रहे हैं जो इस उद्देश्य के लिए नहीं हैं।
2. टिप्पणियाँ कई दिनों के पश्चात भेजी जा रही हैं।
3. भेजी गई टिप्पणियाँ स्पष्ट नहीं होती हैं। उदाहरण के लिए: "प्रश्न सही नहीं है", परंतु प्रश्न में क्या त्रुटि है, यह निर्दिष्ट नहीं किया गया है।

इस प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने हेतु निम्नलिखित अनुरोध किया जाता है:

i) टिप्पणियाँ ओईसीएमएस पर अपलोड की जाएँ।
ii) आवश्यक होने पर, मुद्दों के स्पष्ट करने के लिए विवरण ई-मेल आईडी: qpobservation@cbseshiksha.in पर भेजा जा सकता है।
iii) टिप्पणियाँ उसी दिन प्रेषित की जाएँ, जिस दिन परीक्षा आयोजित की जाती है।

यदि प्राप्त टिप्पणियाँ स्पष्ट नहीं हैं, समय पर प्राप्त नहीं होती हैं, सीबीएसई द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप नहीं हैं अथवा अस्पष्ट हैं, तो बोर्ड द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी।

आपसे समय पर सहयोग का अनुरोध है, ताकि बोर्ड उचित कार्यवाही कर सके।

**ह/-**
**(डॉ. संयम भारद्वाज)**
**परीक्षा नियंत्रक**

**वेब एडमिन को प्रतिलिपि,, सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित।**